**संख्या:.** के.मा.शि.बो./प्रशिक्षण एकक/2024

**दिनांक:** 24.07.2024

**परिपत्र संख्या** : TRG-34/2024

**के.मा.शि.बो. से सम्बद्ध सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रमुख.**

**विषय :** के.मा.शि.बो. के क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों हेतु संभावित विषय विशेषज्ञों के ऑनलाइन पंजीकरण के संबंध में.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (पैरा संख्या 5.15) में उल्लिखित सतत व्यावसायिक विकास (CPD) की अनिवार्य समयावधि का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु संबद्ध विद्यालयों के सभी शिक्षकों तक पहुँच बनाने के उद्देश्य से, बोर्ड अपने प्रशिक्षण संसाधनों के संवर्धन की प्रक्रिया में है. उत्कृष्टता केन्द्रों (CoEs) की स्थापना, वीडियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो का निर्माण, क्षमता संवर्धन कार्यक्रम विकसित करना एवं प्रत्यक्ष और ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करना, अकादमिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में के.मा.शि.बो. के सतत प्रयासों को परिलक्षित करता है. के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों में प्रतिभाशाली शिक्षकों का एक बड़ा वर्ग उपलब्ध है जिन्हें अपने संबंधित विशेषज्ञता के क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने का अवसर दिया जाना अवश्यंभावी है.

विषय विशेषज्ञ बनना कई अर्थों में न केवल व्यावसायिक दक्षताओं को मान्यता देता है अपितु मानकों की प्राप्ति एवं शिक्षा तंत्र में मूल्य संवर्धन में भी सहायक है. प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए पैनल में सम्मिलित सक्षम विषय विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाता है. प्रशिक्षण के लिए विषय विशेषज्ञ को 90 मिनट के लिए प्रति सत्र 2500/- रुपये का मानदेय भी दिया जाता है. बाहरी (outstation) सत्रों के लिए, बोर्ड के मानदंडों के अनुसार परिवहन भत्ता, होटल शुल्क, भोजन शुल्क आदि का भी भुगतान किया जाता है. पैनल में सम्मिलित विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण क्षेत्र में अग्रणी संस्थानों/संगठनों की सहायता से के.मा.शि.बो. द्वारा आयोजित निःशुल्क प्रमाणन कार्यक्रम का लाभ उठाने के भी हकदार हैं. ऐसे प्रशिक्षित विषय विशेषज्ञों को आवश्यकता के आधार पर हमारे उत्कृष्टता केन्द्रों (CoEs) द्वारा उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किया जाएगा.

उपरोक्त विषय के संदर्भ में, के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों के जानकार, अनुभवी एवं इच्छुक **शिक्षकों/प्रधानाचार्यों/उप-प्रधानाचार्यों** से संभावित विषय विशेषज्ञों के रूप में ऑनलाइन पंजीकरण आमंत्रित किया जाता है.

आवेदक के पास निम्नलिखित अर्हताएं एवं विशेषताएँ अपेक्षित हैं:

1. के.मा.शि.बो. प्रणाली से संबंधित शैक्षिक विषय, शिक्षण पद्धति और मूल्यांकन में विशेषज्ञता.
2. के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालय में एक **अभ्यासरत** शिक्षक/उप-प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्य/प्रमुख, जिसके पास प्रधानाचार्य/उप-प्रधानाचार्य/पीजीटी/टीजीटी/परामर्शदाता/विशेष शिक्षक के रूप में **न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव** हो.
3. प्रशिक्षण सत्रों के प्रभावी प्रतिपादन हेतु उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल.
4. शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं का ज्ञान एवं शिक्षण, अधिगम के लिए एक रचनात्मक/अभिनव दृष्टिकोण.
5. शिक्षण अधिगम के लिए आईसीटी और डिजिटल उपकरणों के उपयोग में दक्षता.

उपरोक्त मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी के.मा.शि.बो. के प्रशिक्षण त्रिवेणी पोर्टल पर निम्नांकित लिंक द्वारा पंजीकरण दर्ज कर सकते हैं: https://cbseit.in/cbse/training/register_rp_new.aspx इस लिंक में इच्छुक अभ्यर्थियों के प्रस्तुति कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक लघु वीडियो का URL अपलोड करने का विकल्प भी उपलब्ध है.

**(नोट: कृपया ध्यान दें कि के.मा.शि.बो. आरपी-आईडी (उदाहरण के लिए RPGXXXX03) के साथ पहले से पंजीकृत विषय विशेषज्ञों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है).**

अन्य जानकारी हेतु अपने संबंधित उत्कृष्टता केन्द्र (CoE) या श्रीमती सुदेश गुलिया, अवर सचिव (सू.प्रौ.), प्रशिक्षण इकाई, के.मा.शि.बो. से training.it.unit@cbseshiksha.in पर संपर्क कर सकते हैं.

**संसाधन व्यक्ति के रूप में ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 12 अगस्त, 2024 है.**

**(मनोज कुमार श्रीवास्तव)**

निदेशक (प्रशिक्षण)

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**No:. CBSE/Training Unit/2024** **Date:** 24.07.2024
**Circular No. TRG-** 34/2024

**All the Principals/Heads of Schools affiliated to CBSE.**

**Subject:** Online registration as Prospective Resource Persons for Capacity Building Programmes- reg.

With the view to reach out to all the teachers of the schools affiliated for ensuring compliance of mandatory hours of CPD as enunciated in the National Education Policy (NEP), 2020 (Para no. 5.15), Board is in the process of augmenting its training resources. Setting up of Centre of Excellences (CoEs), Video Recording Studios at CoEs, developing CBPs and hosting offline and online CBP sessions demonstrates our continuing efforts aimed at academic excellence and well-rounded development of students. We have a large pool of very talented teachers in our affiliated schools. It is crucial that they are offered an opportunity to become Resource Persons for CBSE to conduct training in their respective areas of expertise.

Becoming a Resource Person is rewarding in many ways. It not only recognises professional competencies but also helps achieve standards and add value to the education ecosystem. Empanelled and capable Resource Persons are deputed for conducting training. An honorarium @ Rs. 2500/- per session for 90 minutes is admissible for the Resource Persons for training. For outstation sessions, transportation allowance, hotel charges, meal charges etc. are also paid as per norms of the Board. Empanelled Resource Person is also entitled for availing free certification programme organized by the CBSE with the help of premier training institute/organization. Such trained Resource Persons will be engaged for training in their area of expertise by our CoEs on need-based basis.
In view of the above, Board invites online registration from knowledgeable, experienced and willing **teachers/principals/vice principals of CBSE affiliated schools** to register as prospective resource persons.

Following are the broad attributes that applicant should possess:

**1.** Expertise in a specific subject area, educational topic relevant to the CBSE system, teaching methodology, and assessment.
**2.** Should be a **practicing** teacher/Vice Principal/Principal/Head in a CBSE affiliated school with **Minimum 7 years' of experience** as Head/Principal/Vice Principal/PGT/TGT/Counsellor/ Special Educator
**3.** Excellent communication and presentation skills for effective delivery of training sessions.
**4.** A creative/innovative, interactive approach to teaching, learning with focus on best practices in education.
**5.** Well-versed with the use of ICT and digital tools for teaching learning.

Interested candidates who meet the above criteria may register on CBSE Prashikshan Triveni Portal at the link: https://cbseit.in/cbse/training/register_rp_new.aspx. The link also contains an option to upload the URL of a short video for showcasing the presentation skills of the interested candidates.

**(Note: Please note that the Resource Persons already registered with CBSE with RP-ID (for e.g. RPXXXX03) need not apply again.)**
In case of any query, you are requested to contact your respective CoE or Smt. Sudesh Gulia, Under Secretary (IT), Training Unit, CBSE at training.it.unit@cbseshiksha.in.

**Last date for online registration as Resource Person is 12th August, 2024.**

**(Manoj Kr. Srivastava)**
Director (Training)

'शिक्षा केंद्र' ,2 सामुदायिक केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली–110092
*'Shiksha* Kendra', 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi – 110092
फ़ोन/Telephone: 011- 22043634 वेबसाइट/Website : https://cbseit.in/cbse/2022/ET/frmListing ई-मेल/e-mail: drtrgcbse@gmail.com.
CBSE Training Unit www.youtube.com/@cbseTraining0729 CBSE TV Channel www.youtube.com/@CBSE_TV_Channel

Copy to the respective Heads of Directorates, Organizations and Institutions as indicated below with a request to disseminate the information to all the schools under their jurisdiction:

1. The Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, 18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, Delhi – 110016.
2. The Commissioner, Navodaya Vidyalaya Samiti, B-15, Sector-62, Institutional Area, Noida – 201309.
3. The Director of Education, Directorate of Education, Govt. of NCT of Delhi, Old Secretariat, Delhi - 110054.
4. The Secretary, Eklavya Model Residential Schools (EMRS), Ministry of Tribal Affairs, Government of India.
5. The Director of Public Instructions (Schools), Union Territory Secretariat, Sector 9, Chandigarh - 160017.
6. The Director of Education, Govt. of Sikkim, Gangtok, Sikkim – 737101.
7. The Director of School Education, Govt. of Arunachal Pradesh, Itanagar – 791111.
8. The Director of Education, Govt. of Andaman & Nicobar Islands, Port Blair – 744101.
9. Director, School Education, Ladakh, Council Secretariat Kurbathang, Kargil, Ladakh.
10. The Director, Central Tibetan School Administration, ESSESS Plaza, Community Centre, Sector 3, Rohini.
11. The Secretary, Sainik Schools Society, Room No.101, D-1 Wing, Sena Bhawan, NewDelhi-110001.
12. The Additional Director General of Army Education, A – Wing, Sena Bhawan, DHQ, PO, New Delhi - 110001.
13. The Secretary AWES, Integrated Headquarters of MoD (Army), FDRC Building No. 202, Shankar Vihar (Near APS), Delhi Cantt – 110010.
14. The Chairperson, Odisha Adarsha Vidyalaya Sangathan, N-1/9, Near Doordarshan Kendra, PO Sainik SchoolNayapalli, Bhubaneswar, Odisha-751005.
15. Director, School Education, Vijayawada, Andhra Pradesh.
16. The Deputy Secretary to Chairperson, CBSE - for kind information of the Chairperson, CBSE.
17. All the Heads of Department of the Board.
18. Director, (Media & Public Relations), CBSE with a request for proper publicity.
19. All the Regional Directors/Regional Officers/Head-COEs, ACCPD- Rae Bareli, CBSE with the request to send this circular to all the Heads of the affiliated schools of the Board in their respective regions for compliance.